2018

HINDI – GENERAL

Paper : GE/CC-1

Full Marks : 65

The figures in the margin indicate full marks.

Candidates are required to give their answers in their own words as far as practicable.

1. किन्हीं ***तीन*** आलोचनात्मक प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 10×3

(क) आदिकालीन हिन्दी साहित्य की प्रमुख विशेषताओं को रेखांकित कीजिए।

(ख) भक्तिकाल की सामान्य विशेषताओं का परिचय दीजिए।

(ग) 'रीति' शब्द का अर्थ बताते हुए रीतिकालीन काव्य-धाराओं का संक्षिप्त परिचय दीजिए।

(घ) भारतेन्दुयुगीन साहित्य की विशेषताओं पर विचार कीजिए।

(ङ) "हिन्दी उपन्यास" के विकास में प्रेमचन्द के योगदान की चर्चा कीजिए।

2. किन्हीं ***दस*** वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 2×10

(क) विद्यापति कृत दो रचनाओं के नाम लिखिए।

(ख) 'बीसलदेव रासो' किस काल की रचना है? इसके रचनाकार का नाम लिखिए।

(ग) जायसी की काव्यधारा का नाम बताते हुए उनके प्रसिद्ध ग्रन्थ का नाम लिखिए।

(घ) तुलसीदास के आराध्य देव का नाम बताते हुए उनकी एक रचना का उल्लेख कीजिए।

(ङ) सूरदास की किन्हीं दो रचनाओं के नाम लिखिए।

(च) केशवदास द्वारा लिखे गए किन्हीं दो ग्रंथों के नाम लिखिए।

(छ) रीतिमुक्त काव्यधारा के दो कवियों के नाम बताइए।

(ज) सरस्वती पत्रिका किस वर्ष में प्रकाशित हुई? उसके सम्पादक का नाम बताइए।

(झ) खड़ीबोली हिन्दी के प्रथम महाकाव्य का नाम और उसके रचनाकार का नाम बताइए।

(ञ) 'साकेत' और 'रश्मिरथी' के रचनाकारों के नाम लिखिए।

(ट) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र द्वारा रचित दो नाटकों के नाम लिखिए।

(ठ) जयशंकर प्रसाद के दो नाटकों के नाम लिखिए।

(ड) अज्ञेय का पूरा नाम लिखते हुए उनके किसी एक उपन्यास का नाम लिखिए।

(ढ) प्रेमचन्द की दो कहानियों के नाम लिखिए।

(ण) किन्हीं दो महिला कथाकारों के नाम लिखिए।

3. किन्हीं ***तीन*** पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए : 5×3

(क) कबीरदास

(ख) बिहारी

(ग) पृथ्वीराज रासो

(घ) मैथिलीशरण गुप्त

(ङ) महावीर प्रसाद द्विवेदी